महत्वपूर्ण एवं खास

नाबालिक को शादी करने का प्रलोभन देकर भगा ले जाने वाला आरोपी पकड़ाया

कवर्धा, (आरएनएस)। थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने नाबालिग बालिका को शादी का प्रलोभन देकर भगा ले जाने वाले आरोपी को रायपुर से गिरफ्तार किया तथा लड़की को उसके परिजनों को सौंप दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 7 जून को थाना सिटी कोतवाली थानाक्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने थाने में अपनी बेटी की गुमशुदगी की आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी तथा अज्ञात व्यक्ति पर लड़की को बहला-फुसलाकर घर से भगा ले जाने का आरोप लगाया था। प्रार्थी ने थाने में बताया था कि उन्होंने अपनी लड़की को हर जगह तलाश किया किंतु बालिका का कोई पता नहीं चल पाया। शिकायत पर पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल थाना सिटी कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा थाना प्रभारी के द्वारा वरिष्ठ अधिकारी गणों से मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना कोतवाली में गठित टीम एवं साइबर सेल की टीम को अपहृत बालिका के तलाश के लिए रवाना किया गया। जिसमें पुलिस टीम को जल्दी सफलता प्राप्त हुई और अपहृत बालिका को रायपुर से सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया तथा आरोपी ऋषभ राठौर पिता शैलेन्द्र राठौर उम्र 19 वर्ष साकिन भाटापारा जिला बलौदाबाजार को गिरफ्तार कर उचित वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

15 और 16 को छत्तीसगढ़ कांग्रेस के दो महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम

रायपुर, (आरएनएस)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया, प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव और नवनियुक्त प्रभारी सचिव सप्तगिरी शंकर उल्का लोकसभा सदस्य 14 जून सोमवार को अपरान्ह 3.50 बजे इंडिगो की नियमित विमान सेवा द्वारा रायपुर आ रहे है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया, प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव और नवनियुक्त प्रभारी सचिव सप्तगिरी शंकर उल्का, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम की उपस्थिति में 15 जून मंगलवार को प्रदेश पदाधिकारियों, मोर्चा संगठन प्रकोष्ठ-विभाग के प्रदेश अध्यक्षों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया 15 जून मंगलवार को संध्या 4 बजे रायपुर से दिल्ली के लिये इंडिगो की नियमित विमान सेवा द्वारा रवाना होंगे।

सर्प के काटने से महिला घायल

गरियाबंद (आरएनएस)। आज शनिवार सुबह ग्राम जैतपुरी की महिला को सर्प के काटने से मूर्क्षित अवस्था मे जिला अस्पताल लेकर आए । घटना के विषय मे सिटीकोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम दर्रीपारा पुलिस केम्प के अंतर्गत ग्राम आमदी जैतपुरी निवासी 29 वर्षीय महिला सैलेन्द्री बाई पति राजेन्द्र कुमार ध्रुव आज सुबह 10 बजे अपने घर के बाड़ी में किसी पेड़ को काटने जा रही थी उसी दौरान एक सर्प ने सैलेन्द्री बाई के दाया पैर के तला को काट लिए जिससे दर्द होने लगी और महिला पैर को झटका दी तब सर्प दूर जा गिरा और महिला के पैर में दांत के दो निशान देखे और महिला को मोटरसायकल से गरियाबंद जिला अस्पताल लेकर आए , जहाँ महिला का उपचार किया जा रहा है । फिलहाल गरियाबंद सिटीकोतवाली द्वारा घायल महिला का विवरण लिया गया है । उपचार कर रहे डॉक्टरों ने बताया घायल महिला खतरे से बाहर है।

फर्जी तरीके से 4 लाख केसीसी लोन निकालने के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

» फर्जीवाड़े में शामिल बैंक मैनेजर सहित कुल 8 आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

रायगढ़। केसीसी लोन के लिए दूसरे व्यक्ति को बैंक में खड़ा कर फर्जी तरीके से लोन निकालने के मामले में कोतवाली पुलिस दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर आज रिमांड पर भेजी है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता/आवेदक हेतराम बघेल पिता घसिया बघेल उम्र 59 वर्ष साकिन नावापारा थाना कोतरारोड वर्ष 2014-15 में अपना बी-1 एवं पंचसाला खसरा 1,00,000 रूपये लोन निकलवाने हेतू अपने परिचित साधूराम बघेल को दिया था। साधू राम बघेल कागजातों को ओमकेश पटेल एवं नरेन्द्र दास महंत को लोन निकलवाने दिया, इनके द्वारा बैंक मैनेजर तपन चक्रवर्ती से मिलकर हेतराम बघेल के नाम फर्जी दस्तावेज कर बजरंग चौहान को बैंक में खड़ा कर 4,00,400 रूपये स्वीकृत कराकर लिये। जब बैंक से लोन पटाने के लिये हेतराम के पास नोटिस आया तब उसे उसके नाम पर किसी अन्य के द्वारा लोन निकाल लिये की जानकारी हुई और दिनांक 22/03/2018 को थाना कोतवाली में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया।

आवेदन पर आरोपी ओमकेश पटेल ग्राम बरपाली, नरेन्द्र दास महंत ग्राम कर्राजोर एवं बैंक मैनेजर तपन चक्रवर्ती के विरूद्ध अपराध क्रमांक 296/18 धारा 420, 467, 468, 471, 34 भा.द.वि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दरम्यान आरोपी 1-ओमकेश पटेल, 2- नरेन्द्र दास महंत, 3- तपन चक्रवर्ती, 4-बजरंग चौहान, 5-दीपक माली 6- साधूराम बघेल को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया था। बैंक लोन लेते समय आवेदक हेतराम बघेल के पहचानकर्ता के रूप में परमेश्वर महंत एवं परमेश्वर पटेल भी हस्ताक्षर किये थे जिनकी अपराध में संलिप्तता थी जो फरार थे। कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार 06 व्यक्तियों के विरूद्ध चालान पेश किया जा चुका है। फरार दोनों व्यक्तियों की गिरफ्तारी के लिये थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर लगातार स्टाफ उसके गांव भेजा जा रहा था। कल रात्रि थाने से सहायक उप निरीक्षक दिलीप बेहरा जो प्रकरण के विवेचना अधिकारी भी हैं हमराह प्रधान आरक्षक शंकर क्षत्रिय को साथ लेकर आरोपियों के घर दबिश दिए और उन्हें सकुनत से हिरासत में लेकर थाना लाया गया। पूछताछ में आरोपी परमेश्वर महंत एवं परमेश्वर पटेल बगैर देखे जाने पहचाने रूपयों के लालच में लोन के कागजातों में दस्तख्त करना कबूल किये हैं। आरोपी 1-परमेश्वर पटेल पिता रामकुमार पटेल उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम कर्राजोर थाना पुसौर 2-परमेश्वर महंत पिता मंगतू महंत उम्र 62 वर्ष निवासी ग्राम बायंग थाना कोतरारोड़ को गिरफ्तार कर आज रिमांड पर भेजा गया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के विरूद्ध जल्द ही पूरक चालान पेश किया जावेगा।

बाइक व चार पहिया वाहन में हुए भिड़ंत में एक की हुई मौत

जगदलपुर (आरएनएस)। जिले के परपा थाना क्षेत्र के मारुति शोरूम के पास बीती रात बाइक व चार पहिया वाहन में हुए भिड़ंत में बाईक सवार एक युवक उमेश बेसरा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बेहतर उपचार के लिए मेकाज ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मारुति शोरूम के पास रात करीब 03 बजे के बाइक व चार पहिया वाहन में टक्कर हो गई, इस हादसे के बाद चार पहिया वाहन सवार ने ही घायल को बेहतर उपचार के लिए मेकाज लेकर आया, लेकिन कुछ देर के बाद युवक की मौत हो गई, घटना के बाद चार पहिया चालक मौके से फरार हो गया है। इसके बाद पुलिस ने मृतक के बाईक नंबर के आधार पर मृतक युवक के परिजनों की तलाश कर ली परिजनों के मुताबिक मृतक का नाम उमेश बेसरा 33 वर्ष है, जो कि मावलीपदर का निवासी है, इसके अलावा मृतक मजदूरी का काम करता था।

किसान हित में जोगी कांग्रेस करेगी 7 दिवसीय आंदोलन

» किसान विरोधी नीतियों का करेंगे पुरजोर विरोध

» किसान हितैषी का ढोंग करती है भूपेश सरकार - अमित जोगी

रायपुर (आरएनएस)। जनता कॉंग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने कहा भूपेश सरकार पर बरसते हुए कहा भूपेश सरकार किसान हितैषी नहीं बल्कि किसान विरोधी है, किसान हितैषी होने का ढोंग करती । अमित जोगी ने कहा मानसून के साथ ख़रीफ़ फसल-चक्र में बोवाई शुरू होने जा रही है लेकिन खुद को किसानों की हितैषी बोलने वाली माननीय श्री भूपेश बघेल की सरकार ने ख़रीफ़ चक्र के लिए त्तक्क्रू ज़िला के के गोदाम में मात्र 780 मेट्रिक टन यूरिया भेजा है जो कि पिछले वर्ष 4308.2 मेट्रिक टन की खपत का 8.37त्न ही है।

आज जिले के और सभी गोदाम कृषि पदार्थ की जगह शराब से भरे पड़े है और किसानों को मजबूरन यूरिया, फ़ॉस्फ़ेट जैसे कृषि पदार्थ कालाबजारियों से चौगुने दाम में ख़रीदना पड़ रहा है। अमित जोगी ने कहा यही हाल छत्तीसगढ़ के सभी ज़िलों का है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) माँग करती है कि राज्य सरकार तत्काल यूरिया और अन्य कृषि पदार्थों की आपूर्ति सुनिश्चित करें।

इस समस्या के निराकरण हेतु जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) सात-दिवसीय प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगी। सभी ज़िलों में जाँच दल भी का गठन किया जा रहा है। वे जाँच-दल के सदस्यों के साथ अपने-अपने ज़िलों में युरिया, सु. फ़ॉस्फ़ेट, ष्ठक्क पोटाश, गिपसम, जिंकटेड पाउडर की उपलब्धता का गोदामों में जाकर भौतिक स्थल निरीक्षण करेंगे, और उनकी कमी और कालाबाज़ारी की विस्तृत जानकारी जिला कलेक्टरों को राज्यपाल के नाम ज्ञापन में सौंपेंगे। ज्ञापन सौंपने के पश्चात कृषि पदार्थों की कमी और व्यापक कालाबाज़ारी के विरुद्ध जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना भी किया जाएगा। अमित जोगी ने कहा इस आंदोलन के लिए निम्नानुसार समय-सारिणी का निर्धारण किया गया है।

पुलिस के हाथ आए बाईपास में खड़ी वाहनों से मोबाइल चोरी करने वाले दो अपचारी बालक

» बालकों से चोरी की मोबाइल, टुल्लू पंप, बैटरी सहित करीब 2 लाख की संपत्ति बरामद

रायगढ़। पिछले कुछ दिनों से पुलिस चौकी जूटमिल अन्तर्गत छातामुड़ा बाईपास में खड़ी ट्रेलर, ट्रकों से ड्राइवरों की मोबाइल चोरी की शिकायतें लेकर ड्रायवर चौकी आ रहे थे, जिस पर चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक अमित शुक्ला द्वारा थाने के आरक्षकों एवं अपने मुखबिरों को क्षेत्र में संदिग्धों पर निगाह रखकर मोबाइल चारों की पतासाजी का निर्देश दिया गया था।

दिनांक 12/06/2021 को चौकी से स्टाफ टाऊन पेट्रालिंग पर थे। इसी दौरान बाईपास के पास मुखबिर से इन्हें सूचना मिली की दो लड़के बीती रात संदिग्ध हालत में देखे गए हैं, जिन्हें मोबाइल चोर होने के संबंध में पेट्रोलिंग स्टाफ पूछताछ किये। दोनों बालक उम्र क्रमशः 16 एवं 17 वर्ष के हैं। एक किशोर पढ़ाई कर रहा है तथा दूसरा काफी पहले छोड़ चुका है। वे बताये कि पिछले एक माह से वे लगातार बाईपास में सुनसान जगह पर खड़ी वाहनों में कीमती सामान तलाशते और मोबाइल मिलने पर चोरी कर रख लेते थे। अपचारी बालकों से कड़ी पूछताछ में इन्होंने बजरंगपारा के एक बाड़ी से टुल्लू पंप तथा ट्रांसपोर्ट नगर के पास एक बोलेरो वाहन से बैटरी चोरी करना कबूल किए हैं। दोनों अपचारी बालको की निशादेही में 17 नग विभिन्न कंपनियों के मोबाइल एक बैटरी एवं एक पुल्लू पंप उनके घर से बरामद किया गया है। आरोपियों से कुल जब्ती चोरी की सम्पत्ति की कीमत करीब 1,78,000 रुपए है। अपचारी बालकों से जप्त हुए चोरी की संपत्ति के स्वामी का पता लगाया जा रहा है। मामले में दोनों अपचारी बालकों के विरुद्ध चौकी जूटमिल में धारा 41(1+4) सीआरपीसी 379 आईपीसी की कार्यवाही कर दोनों विधि उल्लंघनकारी बालकों को किशोर बाल न्यायालय पेश किया गया है। जूटमिल टीआई के नेतृत्व में पेट्रोलिंग स्टाफ प्रधान आरक्षक विजय गोपाल, आरक्षक बनारसी सिदार, सत्यानंद यादव, कीर्तन यादव, हेमंत चन्द्रा की चोरी की माल बरामदगी में सराहनीय भूमिका रही है।

नाबालिग को पत्नी बनाकर रखा, मारपीट, प्रताड़ना से किशोरी ने लगा ली फांसी

» मर्ग जांच पर मां-बेटे पर आत्महत्या के लिये उत्प्रेरित करने का अपराध दर्ज

» आरोपी युवक को पास्को एक्ट में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजी बरमकेला पुलिस

बरमकेला। थाना बरमकेला के मर्ग क्रमांक 10/2021 धारा 174 सीआरपीसी की जांच में मृतिका नाबालिग बालिका के परिजनों से पूछताछ कर जांच किया गया। मृतिका के वारिशान मृतिका को 18 वर्ष पूर्ण नहीं होना बताया गया तथा उसे घटना दिनांक के करीब 4-5 माह पहले से आरोपी युवक शादी का प्रलोभन देकर अपने घर पत्नी की तरह रखा था।

जांच में मृतिका के वारिशान बताये कि बालिका के माता-पिता कमाने खाने बाहर गये हुये थे। बालिका अपने नानी के साथ रहती थी। इसी बीच पिकअप में गांव-गांव दूध लेने जाने वाला बेद व्यास पण्डा निवासी पैकिन (लेन्ध्रा) बालिका को प्रेमजाल में फंसाकर उसे पिछले दुर्गा पूजा के समय बहला फुसलाकर अपने साथ अपने घर ले आया। करीब 4-5 माह से नाबालिग को पत्नि की तरह रखा था। बेद व्यास पण्डा की मां कुन्ती पण्डा बालिका को जातिगत ताने देकर प्रताड़ित करती थी तथा बेद व्यास पण्डा भी उसकी मां का पक्ष लेकर बालिका के साथ मारपीट करता था। दोनों के प्रताड़ना से तंग आकर किशोरी दिनांक 24/03/2021 के रात्रि 20/30 बजे बेद व्यास के घर म्यार में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, मर्ग जांच पंचनामा कार्यवाही, पीएम रिपोर्ट पर से आरोपी बेद व्यास पण्डा और उसकी मां कुन्ती पण्डा के विरूद्ध अप.क्र. 184/2021 धारा 363, 366, 366 क, 306, 34 भा.द.वि. एवं 4, 6 पाक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आज दिनांक 12/06/2021 को आरोपी बेद व्यास पण्डा पिता लम्बोदर पण्डा उम्र 19 वर्ष निवासी पैकिन थाना बरमकेला गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपिया की गिरफ्तारी शेष है।

चोरी की बाइक बेचते युवक गिरफ्तार, भेजा गया रिमांड पर

» सस्ते दाम पर मोटरसायकल बेचने की सूचना पर खरीददार बनकर पहुंची थी कोतवाली पुलिस

रायगढ़। दिनांक 11/06/2021 के दोपहर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर को केवड़ाबाड़ी बस स्टैण्ड के पास एक युवक सस्ते दाम पर बिना नम्बर प्लेट वाली मोटर सायकल के बिक्री के लिए ग्राहक तलाश करने की जानकारी मिली। थाना प्रभारी अपने स्टाफ को जाकर तस्दीक करने का निर्देशित किये। स्टाफ ग्राहक बनकर युवक से बाइक का मोलभाव किये और कागजात की मांग किये। तब उसने चन्द्रपुर से बाइक बिक्री करने आना और कागजात नहीं होना बताया। उसके बाद स्टाफ उसे कोतवाली स्टाफ बताकर कड़ी पूछताछ किये तो युवक उसे चोरी की बाइक होना बताया। आरोपी युवक अपना नाम संजीव बताया है। थाना कोतवाली पुलिस में आरोपी संजीव साहू पिता चद्रभान साहू उम्र 21 वर्ष निवासी गिरगिरा थाना चन्द्रपुर जिला जांजगीर चाम्पा के विरूद्ध 41(1+4) सीआरपीसी /379 आईपीसी के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

प्रदेश में कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा की संभावना

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में अगले 24 घंटे के दौरान अनेक स्थानों पर जहां गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है, वहीं कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा होने तथा आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना बनी हुई है।स्थानीय मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मानसून की उत्तरी सीमा सूरत, नंदूरबार, रायसेन, दमोह, उमरिया, पेंड्रा रोड, बलांगीर, भुवनेश्वर, बड़ी पाडा, पुरुलिया, धनबाद, दरभंगा है। मानसून के और आगे बढ़ने के लिए अनुकूल स्थितियां बनी हुई है। एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तरी उड़ीसा तट और पश्चिम बंगाल तट के ऊपर स्थित है। इसके और अधिक प्रबल होकर पश्चिम-उत्तर- पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए उड़ीसा झारखंड और उत्तर छत्तीसगढ़ की ओर अगले 2 से 3 दिन में बढ़ने की संभावना है। एक द्रोणिका दक्षिण पंजाब से निम्न दाब के केंद्र तक हरियाणा, उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश, उत्तर-पूर्व मध्य प्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़ और झारखंड होते हुए 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। उत्तर-पश्चिम द्रोणिका का 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर तक निम्न दाब के केंद्र से दक्षिण छत्तीसगढ़ विदर्भ, उत्तर मध्य महाराष्ट्र, दक्षिण गुजरात होते हुए पश्चिम मध्य अरब सागर तक स्थित है।

इधर आज प्रदेश में सोनहट, पेंड्रा, घरघोड़ा, करताला, देवभोग, दुर्गकोंदल, बागबाहरा, ओडगी, बीजापुर, पेंड्रा रोड, खरसिया, महासमुंद, बैकुंठपुर, प्रेमनगर, छूरा, धमतरी, गंडई, मरवाही, गुरूरबंद, नेहरपुर, पल्लारी, पलारी, दुलदुला, दुर्ग, डौंडीलोहारा, मनेन्द्रगढ़, सहसपुरलोहारा, कुरूद, बालोद, मगरलोड, छिंदगढ़, जगदलपुर, सूरजपुर, चरमा, भानुप्रतापपुर, बिलासपुर, गुंडरदेही, धमधा, छूईखदान, बेमेतरा, मानपुर, जनकपुर, रामानुजगंज, राजनांदगांव, पखांजूर, केशकाल, पाटन, भाटापारा, तखतपुर, दरभा, फरसगांव, उसूर, भैरमगढ़, कुसमी, रायपुर समेत अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा और कहीं-कहीं उससे कम वर्षा दर्ज की गई।

टीआई ने निराश्रति वृद्ध का कराया मोतियाबिंद ऑपरेशन

» वृद्धजनों की हितैषी रायगढ़ पुलिस, थाना प्रभारी भूपदेवपुर वृद्ध के अंधेरे जीवन में लौटाये खुशियां

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक रायगढ़ श्री संतोष सिंह के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारीगण द्वारा उनके क्षेत्र में निवासरत निराश्रित वृद्धजनों की सुध ली जा रही है। कोविड की दूसरी लहर दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा जरूरतमंदों के साथ-साथ विशेष रूप से सभी प्रभारियों को उनके क्षेत्र के निराश्रित वृद्धजनों से भेंट कर उनकी मदद करने निर्देशित किया गया था जिस पर सभी थानाक्षेत्र अन्तर्गत अभियान स्वरूप हजारों निराश्रित वृद्धजनों को सूखा राशन व उपयोगी सामग्रियों का वितरण प्रभारियों द्वारा किया गया था, जिससे कुछ राहत उन्हें मिली।

थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक उत्तम साहू, कोविड की प्रथम लहर दौरान मजदूर वर्ग की परेशानी को करीब से देखे थे, इस कारण वे कोविड की दूसरी लहर में मजदूर वर्ग के लोगों तक मदद पहुंचाने में लगे थे। इसी दरम्यान उन्हें जिला मुंगेली निवासी राकेश त्रिवेदी (उम्र 75 वर्ष) की व्यथा पता चली। वृद्ध राकेश त्रिवेदी जो पिछले 55 सालों से अपने परिवार से दूर रायगढ़ जिले में होटल, ढाबो में काम कर गुजर बसर कर रहा था, लेकिन लॉक डाउन में होटल ढाबा बंद होने के कारण उसके सामने भूखा मरने की स्थिति थी। ऊपर से उसकी दोनों आंखों में मोतियाबिंद होने से उसे दिखना बंद हो गया था।

वृद्ध लाचार होकर रेलवे स्टेशन भूपदेवपुर के प्लेटफार्म को अपना अस्थाई निवास बनाकर रह रहा था। ऐसे में बुजुर्ग व्यक्ति को थाना प्रभारी उत्तम साहू लॉकडाउन के डेढ माह तक उसे दोनों समय का भोजन उपलब्ध कराये बल्कि समय-समय पर उसे देखने पहुंच जाते। वृद्ध कमजोरी से उबरने पर टीआई साहू ने उसे रायगढ स्थित सिद्धेश्वर नेत्रालय में ले जाकर उसके मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया और आगे भी उसके भोजन आदि की व्यवस्था करा रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480